O/c E.D. (PTC) CSPDCL Raipur
Receipt No. 5327
Date 06 MAR 2023
AGM (IT)
SE (O)/SE
EE
Section

CSPTCL

# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

सी.आई.एनः— U40108CT2003SGC015820

कार्या :— मुख्य अभियंता (मा0सं0)

क्रमांक :— 01—01/अ.प्र.क./06/2022/1238 रायपुर, दिनांक 03/03/2023

(अपील प्रकरण कमांक 06/2022)

श्री प्रवीण कुमार वर्मा अपीलार्थी
दुर्ग

विरूद्ध

श्री पंकज सिंह परमार उत्तरवादी
जनसूचना अधिकारी

—:: आदेश ::—

(दिनांक 03/03/2023 को पारित)

अपीलार्थी श्री प्रवीण कुमार वर्मा ने यह अपील जनसूचना अधिकारी, सह उप महाप्रबंधक (मा.सं.)—दो, के निर्णय दिनांक 20.06.2022 से व्यथित होकर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (जिसे आगे "अधिनियम" कहा जायेगा) की धारा 19 (1) के अंतर्गत प्रस्तुत की है।

(2) — प्रकरण से संबंधित तथ्य सारणीबद्ध रूप में निम्नानुसार है :—

| | | | |
|---|---|---|---|
| (I) | सूचनाधिकार के अंतर्गत अपीलार्थी द्वारा चाही गई जानकारी :— | कनिष्ठ अभियंता (IT) भर्ती परीक्षा के संबंध में निम्न बिन्दुवार जानकारी<br>(1) रोल नबंर 15251600188 संतोष कुमार पाण्डेय, रोल नबंर 15251600573 अभिषेक तिवारी, रोल नबंर 12121600011 श्रीजन कामड़े, रोल नबंर 15251600496 राकेश जायसवाल, रोल नबंर 15251600176 तन्या चौधरी के कम्प्यूटर बेस्ट Exam. की सत्यापित प्रति।<br>(2) मेरे रोल नबंर 12121600068 प्रवीण कुमार वर्मा कम्प्यूटर बेस्ट Exam. की सत्यापित प्रति।<br>(3) कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों के पश्चात् तैयार मेरिट लिस्ट अंकों वाली की सत्यापित प्रति। (1/5 अनुपात) | |
| (II) | जनसूचना अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अपीलार्थी की अपील व कारण :— | जन सूचना अधिकारी द्वारा चाही गई जानकारी अनावश्यक एवं नियम विरूद्ध कारण दर्शाते हुए देने से मना कर दिया है। CGPSC एवं अन्य सरकारी कार्यालय द्वारा Exam. की कापी RTI के तहत प्रदाय की जाती है, जो अभ्यर्थी Exam. दे चुका है। अतः वांछित जानकारी उपलब्ध करायी जाए। | |
| (iii) | अपील की सुनवाई तिथि : | निर्धारित तिथि | कार्यवाही विवरण :— |
| | | 27.09.2022 | जनसूचना अधिकारी उपस्थित। किन्तु अपीलार्थी अनुपस्थित रहें। अतः अपील में सुनवाई नहीं की जा सकी। |
| | | 03.11.2022 | अपीलीय अधिकारी श्री के.के.भौरासे का स्थानांतरण भिलाई होने के कारण नियत सुनवाई तिथि को अपील में सुनवाई नहीं की जा सकी। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | जिसकी सूचना अपीलार्थी को दूरभाष के माध्यम से दी गई। |
| | | 17.02.2023 | निर्धारित सुनवाई तिथि के संबंध में अपीलार्थी को दूरभाष के माध्यम से सूचित किया गया। उक्त तिथि को जनसूचना अधिकारी उपस्थित तथा अपीलार्थी अनुपस्थित रहें। |
| | | 01.03.2023 | अपीलार्थी को सुनवाई का अंतिम अवसर प्रदान किया गया। नियत तिथि के संबंध में अपीलार्थी को दूरभाष के माध्यम से सूचित किया गया। उक्त तिथि को जनसूचना अधिकारी उपस्थित। किन्तु अपीलार्थी पुनः अनुपस्थित रहें। अतएव प्रकरण में गुण–दोष के आधार पर एकपक्षीय सुनवाई की कार्यवाही की गई। |
| **(IV)** | सूचनाधिकार के अंतर्गत जनसूचना अधिकारी द्वारा प्रकरण में की गयी कार्यवाही तथा तर्क :– | | जनसूचना अधिकारी का तर्क/कथन कि अपीलार्थी को निर्धारित समयावधि के भीतर वांछित बिन्दुवार जानकारी से निम्नानुसार अवगत करायी गयी है ::–<br><br>बिन्दु (1) – माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील कमांक 10044/2010 अन्य विरूद्ध दिनांक 13.11.2019 **CPIO, Supreme Court Of India v. Subhash Chandra Agarwal** के प्रकरण में पारित निर्णय के अनुसार (छायाप्रति संलग्न) तृतीय पक्ष से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी देने की बाध्यता नहीं है।<br><br>बिन्दु (2)– ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा उपरांत उनके प्रश्नपत्र, मॉडल उत्तर व उनके द्वारा चयनित उत्तर पंजीकृत ई–मेल पर पूर्व में उपलब्ध कराये जा चुके है।<br><br>बिन्दु (3) –चूंकि वर्तमान में उक्त पद पर भर्ती की कार्यवाही प्रकियाधीन है। अतः वांछित जानकारी वर्तमान में प्रदाय किया जाना संभव नहीं है।<br><br>उल्लेखनीय है कि अपीलार्थी द्वारा बिन्दु 01 में जो जानकारी चाही गयी है वह परव्यक्ति से संबंधित है। जिसमें किसी प्रकार की लोक कियालाप या लोक गतिविधि सन्निहित नहीं है। अतएव धारा 8(1)(J) के अंतर्गत जानकारी देने की बाध्यता नहीं है। इसी अनुक्रम में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील कमांक 10044/2010 अन्य विरूद्ध दिनांक 13.11.2019 **CPIO, Supreme Court Of India V. Subhash Chandra Agarwal** के प्रकरण में यह लेख किया गया है कि **Reading of the aforesaid judicial** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | precedents, in our opinion, would indicate that personal records, including name, address, physical, mental and psychological status, marks obtained, grades and answer sheets, are personal information,<br><br>अग्रतर लेख है कि सूचनाधिकार के अंतर्गत श्री योगेन्द्र पाल सिंह, कोरबा द्वारा सहायक प्रबंधक (एच.आर.) भर्ती में साक्षात्कार हेतु चयनित उम्मीदवार का रोल नबंर, नाम तथा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा का अंक एवं साक्षात्कार अंक की जानकारी की मांग की गयी थी। तत्संबंध में अपीलार्थी को उनके स्वयं के कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के अंक व साक्षात्कार के अंक एवं ST संवर्ग के कट ऑफ मार्क्स की जानकारी उपलब्ध करायी गयी है। तथा भर्ती में साक्षात्कार हेतु चयनित उम्मीदवार का कम्प्यूटर आधारित परीक्षा का अंक एवं साक्षात्कार की अंक की जानकारी को धारा 8(1)(ञ) के अतंर्गत लोकहित में नहीं होने से जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी है। उक्ताशय के संबंध में श्री पाल द्वारा माननीय छ. ग. राज्य सूचना आयोग के समक्ष द्वितीय अपील प्र.क. A/431/2020 दर्ज किया गया था। माननीय आयोग द्वारा पारित आदेश दिनांक 27.05.2022 के माध्यम से प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जनसूचना अधिकारी के द्वारा प्रकरण में जो कार्यवाही की गयी है को धारा 8(1)(ञ) के अंतर्गत उचित व प्रावधानुसार मानते हुए दर्ज द्वितीय अपील प्र.क. A/431/2020 को नस्तीबद्ध किया गया है। अतएव पारित उक्त निर्णयों के दृष्टिगत जानकारी प्रदान किया जाना संभव नहीं है।<br><br>बिन्दु 02 के संबंध में लेख है कि ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा उपरांत उनके प्रश्नपत्र, मॉडल उत्तर व उनके द्वारा चयनित उत्तर पंजीकृत ई–मेल पर पूर्व में उपलब्ध कराये जा चुकें है।<br><br>बिन्दु 03 के संबंध में लेख है कि वर्तमान में कनिष्ठ अभियंता (IT) पद पर भर्ती पूर्ण हो चुकी है। अतएव उक्त जानकारी पॉवर कंपनी के वेबसाइड WWW.CSPC.IN पर उपलब्ध है। जहॉ से अपीलार्थी जानकारी प्राप्त कर सकते है। सूचनाधिकार के अंतर्गत सूचना जो पहले से ही सार्वजनिक क्षेत्र में है, की मांग इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन नहीं की जानी है। |

(3) – प्रकरण में आये तथ्यों एवं तर्को से ऐसा प्रतीत होता है कि जनसूचना अधिकारी द्वारा तत्कालीन समयावधि में जो कार्यवाही की गयी है वह तर्कसंगत है। अपीलार्थी द्वारा कनिष्ठ अभियंता ब्रांच ( IT) भर्ती परीक्षा के संबंध में बिन्दुवार जानकारी की मांग की गयी है। बिन्दु 01 में चाही गयी जानकारी परव्यक्ति से संबंधित है। अतः धारा 8(1) (j) के अंतर्गत देने की बाध्यता नहीं है। यद्यपि उक्त बिन्दु में अपीलार्थी द्वारा अन्य उम्मीदवारों की कम्प्युटर बेस्ड **Exam.** की प्रति चाही गयी है। अतः कम्प्युटर बेस्ड **Exam.** की प्रति किसी तृतीय पक्ष को उपलब्ध कराया जाना उस स्थिति में उचित एवं तर्कसंगत नही है, जब परीक्षा के कई आधारों को गोपनीय रखा जाता है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील कमांक 10044/2010 अन्य विरूद्ध दिनांक 13.11.2019 एवं माननीय छ.ग. राज्य सूचना आयोग का द्वितीय अपील प्र.क. A/431/2020 आदेश दिनांक 27.05.2022 निर्णयों के दृष्टिगत उक्त जानकारी प्रकट किया जाना संभव नहीं है।

जहॉ तक बिन्दु 02 का प्रश्न है उक्त जानकारी ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा उपरांत उनके प्रश्नपत्र, मॉडल उत्तर व उनके द्वारा चयनित उत्तर पंजीकृत ई–मेल पर पूर्व में उपलब्ध कराये जा चुके है। जो सूचना पूर्व में उपलब्ध करायी जा चुकी है उसे दोबारा उपलब्ध कराया जाना उचित नहीं है। बिन्दु 03 के संबंध में लेख है कि वर्तमान में कनिष्ठ अभियंता (IT) पद पर भर्ती पूर्ण हो चुकी है। अतः उक्त जानकारी पॉवर कंपनी के वेबसाइड WWW.CSPC.IN पर उपलब्ध है। जहॉ से अपीलार्थी जानकारी प्राप्त कर सकते है। सूचनाधिकार के अंतर्गत सूचना जो पहले से ही सार्वजनिक क्षेत्र में है, की मांग इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन नहीं की जानी है।

उल्लेखित तथ्यों के दृष्टिगत जनसूचना अधिकारी द्वारा प्रकरण में की गई कार्यवाही विधिसंगत है। तदनुसार दर्ज अपील प्र.क. 06/2022 दिनांक 02.09.2022 एतद् द्वारा नस्तीबद्ध किया जाता है।

(अशोक कुमार वर्मा)
अपीलीय अधिकारी
सह मुख्य अभियंता (मा0सं0)
छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रांस.कं.लिमि.,रायपुर
दूरभाष कमांक– 0771–2574700

क्रमांक :– 01–01/अ.प्र.क./06/2022/1239 रायपुर, दिनांक 03/03/2023
प्रतिलिपि :–

(1) जनसूचना अधिकारी सह उप महाप्रबंधक (मा0सं0)– दो, छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रांस.कं.लिमि., रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

(2) श्री प्रवीण कुमार वर्मा, पिता श्री राजबहादुर वर्मा C/o श्री संजय चौहान म.नं. –289, वार्ड नंबर – 13, आर्य नगर, दुर्ग, दानी के पीछे, गुप्ता नसिंग होम के पास, आर्य नगर, दुर्ग (छ.ग.) पिन – 491001 को सूचनार्थ प्रेषित।

(3) कार्यपालक निदेशक (**EITC**), छ.ग.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि.,रायपुर – उक्त आदेश को कंपनी के वेबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें।

इस आदेश के विरूद्ध अपीलार्थी चाहें तो छ0 ग0 सूचना आयोग में द्वितीय अपील आवेदन निम्नांकित पते पर, इस आदेश के प्राप्त होने की तिथि से 90 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकतें है।

पता :– सचिव, छ0 ग0 राज्य सूचना आयोग, नवा रायपुर

(अशोक कुमार वर्मा)
अपीलीय अधिकारी
सह मुख्य अभियंता (मा0सं0)
छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रांस.कं.लिमि.,रायपुर
दूरभाष कमांक– 0771–2574700